1. पाँच लड़के एक पंक्ति में बैठे हैं । रवि, सुरेश अथवा अनिल के निकटस्थ नहीं बैठा है । अनुभव, सुरेश के निकटस्थ नहीं बैठा है । रवि, मोहन के निकटस्थ बैठा है । मोहन पंक्ति में मध्य में बैठा है । अनिल दायीं ओर अंत में बैठा है । तो अनुभव निम्नलिखित में से किसके निकटस्थ बैठा है ?

(1) मोहन
(2) सुरेश
(3) अनिल
(4) रवि
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

2. निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को पूरा करने के लिए नीचे दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्याओं का चयन कीजिए ।

0, 2, 6, _?_, 20, 30, 42, _?_, 72, 90

(1) 12 और 56
(2) 18 और 48
(3) 12 और 48
(4) 18 और 56
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

3. आप एक देश के वित्त मंत्री हैं । देश की अर्थव्यवस्था में मंदी छाई हुई है । आप कौन-सा बेहतर कदम उठाएँगे ?

(1) देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि करने के लिए अच्छी वित्तीय नीतियाँ लागू करेंगे ।
(2) लोगों का ध्यान अन्य मुद्दों की ओर मोड़ेंगे ।
(3) अन्य देशों से धन उधार लेने का प्रयत्न करेंगे ।
(4) अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से धन लेने का प्रयत्न करेंगे ।
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

4. श्रृंखला में (x) का मान क्या है ?

35, 46, 59, (x), 91, 110, 131

(1) 74
(2) 79
(3) 84
(4) 64
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

1. Five boys are sitting in a row. Ravi is not adjacent to Suresh or Anil. Anubhav is not adjacent to Suresh. Ravi is adjacent to Mohan. Mohan is in the middle in the row. Anil is sitting at the end on the right side. Then Anubhav is sitting adjacent to whom out of the following ?

(1) Mohan
(2) Suresh
(3) Anil
(4) Ravi
(5) Not attempted

2. Select the missing numbers from the given options that will complete the number series.

0, 2, 6, _?_, 20, 30, 42, _?_, 72, 90

(1) 12 and 56
(2) 18 and 48
(3) 12 and 48
(4) 18 and 56
(5) Not attempted

3. You are a Finance Minister of any country. There is recession in the economy of that country. What best action would you take ?

(1) Implement good financial policies to enhance the economy of the country.
(2) Divert the mind of the public to other issues.
(3) Try to borrow money from other countries.
(4) Try to get money from international agencies.
(5) Not attempted

4. What is the value of (x) in the series ?

35, 46, 59, (x), 91, 110, 131

(1) 74
(2) 79
(3) 84
(4) 64
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

5. निम्नलिखित में भिन्न पद ज्ञात कीजिए ।

(1) किसान – हल

(2) श्रमिक – फावड़ा

(3) बढ़ई – आरा

(4) संगीतकार – गाना

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

6. उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे पद से उसी प्रकार सम्बन्धित है जिस प्रकार दूसरा पद सम्बन्धित है पहले पद से ।

12 : 72 : : 6 : ?

(1) 28

(2) 18

(3) 64

(4) 46

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

7. उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे पद से उसी प्रकार सम्बन्धित है जिस प्रकार दूसरा पद सम्बन्धित है पहले पद से ।

Mma : AMm : : Ppr : ?

(1) Rpr

(2) RpP

(3) Prp

(4) RPp

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

8. ऐसे संख्या संयोजन का चयन कीजिए जिसके अनुसार अक्षरों को व्यवस्थित किए जाने से एक सार्थक शब्द बनाया जा सके :

| D | U | O | P | I | M |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

(1) 6, 3, 1, 2, 5, 4

(2) 4, 3, 1, 5, 2, 6

(3) 4, 3, 2, 1, 6, 5

(4) 4, 3, 2, 5, 1, 6

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

5. Find the odd one out.

(1) Farmer – Plough

(2) Labourer – Spade

(3) Carpenter – Saw

(4) Lyricist – Song

(5) Not attempted

6. Select the option that is related to the third term in the same way as the second term is related to the first term.

12 : 72 : : 6 : ?

(1) 28

(2) 18

(3) 64

(4) 46

(5) Not attempted

7. Select the option that is related to the third term in the same way as the second term is related to the first term.

Mma : AMm : : Ppr : ?

(1) Rpr

(2) RpP

(3) Prp

(4) RPp

(5) Not attempted

8. Select the combination of numbers so that the letters arranged accordingly will form a meaningful word :

| D | U | O | P | I | M |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

(1) 6, 3, 1, 2, 5, 4

(2) 4, 3, 1, 5, 2, 6

(3) 4, 3, 2, 1, 6, 5

(4) 4, 3, 2, 5, 1, 6

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

9. निम्नलिखित सारणी में संख्याएँ और उनके वर्ण-कूट दिए गए हैं :

| संख्या | 3 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ण-कूट | K | E | F | Y | P | L |

आपको यह ज्ञात करना है कि संख्या समूह 8637 का सही कूटबद्ध रूप नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है ।

(1) YEPK
(2) YLEP
(3) YPKE
(4) YKPE
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

10. शहर 'A' से चलने वाली एक स्थानीय बस में महिलाओं की संख्या पुरुषों की संख्या से दुगुनी है । अगले स्टेशन 'B' पर 7 महिलाएँ उतरती हैं और 11 पुरुष बस में सवार होते हैं । अब पुरुषों और महिलाओं की संख्या बराबर है । शुरुआत में बस में कितने यात्री सवार हुए थे ?

(1) 18
(2) 45
(3) 36
(4) 54
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

11. नीचे दिए गए शब्द के वर्णों का प्रयोग करके बनाए ***नहीं*** जा सकने वाले शब्द को ज्ञात कीजिए ।

SEPARATE

(1) TREES
(2) TEARS
(3) ERASE
(4) PARADE
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

12. यदि किसी कूट भाषा में TRAIN को SQZHM के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो उसी कूट भाषा में DATE को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा ?

(1) CZTE
(2) CZTF
(3) CZSD
(4) CXSD
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

9. Numbers and their letter-codes are given in the following table :

| Number | 3 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Letter-Code | K | E | F | Y | P | L |

You have to find out which option has the correct coded form of the number group 8637.

(1) YEPK
(2) YLEP
(3) YPKE
(4) YKPE
(5) Not attempted

10. In a local bus which starts from city 'A' the number of women is twice of the number of men. In the next station 'B', 7 women get down and 11 men enter the bus. Now the number of men and women is equal. In the beginning how many passengers entered that bus ?

(1) 18
(2) 45
(3) 36
(4) 54
(5) Not attempted

11. Find out the word which ***cannot*** be formed by using the letters of the given word.

SEPARATE

(1) TREES
(2) TEARS
(3) ERASE
(4) PARADE
(5) Not attempted

12. If in a certain code language, TRAIN is coded as SQZHM, then how will DATE be coded in that same code language ?

(1) CZTE
(2) CZTF
(3) CZSD
(4) CXSD
(5) Not attempted


रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

13. तीन कथनों के बाद तीन निष्कर्ष दिए गए हैं । सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न होते हुए भी कथनों को सत्य मानते हुए यह निर्णय कीजिए कि तार्किक रूप से कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों से निकलता/निकलते हैं ।

*कथन :* सभी चूहे बिल्लियाँ हैं ।
सभी शेर बिल्लियाँ हैं ।
सभी हिरण शेर हैं ।

*निष्कर्ष :* (I) सभी हिरण बिल्लियाँ हैं ।
(II) कुछ हिरण चूहे हैं ।
(III) कुछ बिल्लियाँ हिरण हैं ।

(1) केवल I और III निकलते हैं
(2) केवल II निकलता है
(3) केवल I और II निकलते हैं
(4) केवल II और III निकलते हैं
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

14. निम्नलिखित में से कौन-सा पद भिन्न है ?

(1) 625 : 5
(2) 108 : 9
(3) 42 : 4
(4) 48 : 6
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

15. एक लड़की की ओर इशारा करते हुए अंकित ने कहा, "यह लड़की मेरी माँ के पोते की पत्नी है ।" अंकित का उस लड़की से क्या संबंध है ?

(1) चाचा
(2) पुत्र
(3) ससुर
(4) पिता
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

13. Three statements are followed by three conclusions. Take the statements to be true even if they seem to be at variance from the commonly known facts. Decide which of the given conclusions logically follow(s) from the given statements.

*Statements :* All rats are cats.
All lions are cats.
All deer are lions.

*Conclusions :* (I) All deer are cats.
(II) Some deer are rats.
(III) Some cats are deer.

(1) Only I and III follow
(2) Only II follows
(3) Only I and II follow
(4) Only II and III follow
(5) Not attempted

14. Find the odd one out.

(1) 625 : 5
(2) 108 : 9
(3) 42 : 4
(4) 48 : 6
(5) Not attempted

15. Pointing towards a girl, Ankit said, "This girl is the wife of the grandson of my mother." How is Ankit related to the girl ?

(1) Uncle
(2) Son
(3) Father-in-law
(4) Father
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

16. दिए गए किस विकल्प में पुल्लिंग शब्द है ?

(1) एकांकी

(2) जीवनी

(3) नाटक

(4) कहानी

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

17. संधि की दृष्टि से कौन-सा विकल्प असंगत है ?

(1) अन्य + ऊदर = अन्योदर

(2) मति + अभिमान = मात्यभिमान

(3) प्रति + ईक्षा = प्रतीक्षा

(4) शची + इंद्र = शचींद्र

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

18. 'आपकी ________ का अवश्य पालन होगा ।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए 'अवज्ञा' शब्द का सर्वाधिक उपयुक्त विलोम शब्द चुनिए ।

(1) आदेश

(2) निर्देश

(3) योजना

(4) आज्ञा

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

19. 'चन्द्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द ***नहीं*** है :

(1) राकेश

(2) दिनेश

(3) हिमांशु

(4) सुधांशु

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

20. 'इतिवृत्त' शब्द के लिए उचित वाक्यांश का चयन कीजिए ।

(1) वृत्तांतों का घटनाक्रम

(2) जनसाधारण में प्रचलित धारणाएँ

(3) किसी देश अथवा समाज की घटनाओं का क्रमवार ब्यौरा

(4) समाचारों का कालक्रम से ब्यौरा

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

21. निम्नलिखित किस विकल्प में 'प्रत्यक्ष' समस्त पद का सही विग्रह और समास है ?

(1) अक्षि है जिसके सामने – द्विगु

(2) अक्षि है जो प्रति – कर्मधारय

(3) प्रति और अक्ष – द्वन्द्व

(4) अक्षि के प्रति – अव्ययीभाव

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

22. 'जीवन में समय का ________ समझना आवश्यक है ।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द का चयन कीजिए ।

(1) महत्त्व

(2) महत्तव

(3) महत्व

(4) मेहत्व

(5) उत्तर नहीं देना चाहते



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

23. 'प्रेम-पूर्वक' शब्द किस क्रिया-विशेषण से संबंधित है ?

(1) स्थानीय क्रिया-विशेषण

(2) संस्कृत क्रिया-विशेषण

(3) मूल क्रिया-विशेषण

(4) यौगिक क्रिया-विशेषण

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

24. 'जंगल में मोर नाचा, किसने देखा' लोकोक्ति का उचित निहितार्थ क्या है ?

(1) अपनी वस्तु को महत्त्व न देना

(2) पास की वस्तु दिखाई न देना

(3) जंगल में मोर को नाचते किसी ने नहीं देखा

(4) गुण के प्रदर्शन के लिए उचित स्थान का चुनाव आवश्यक है

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

25. कौन-सा शब्द तत्सम ***नहीं*** है ?

(1) लोक

(2) रात

(3) दुग्ध

(4) हानि

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

26. आश्रित उपवाक्य कितने प्रकार के होते हैं ?

(1) चार

(2) पाँच

(3) दो

(4) तीन

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

27. विराम-चिह्न की दृष्टि से निम्नलिखित युग्मों में से ***अशुद्ध*** युग्म का चयन कीजिए ।

(1) माँ ने पुकारा, "थोड़ा पानी दे दो ।" – योजक चिह्न

(2) इतना गहरा तालाब ! – विस्मयादिबोधक चिह्न

(3) पहाड़ों पर बर्फ गिर रही है । – पूर्ण विराम

(4) क्या यह बैल तुम्हारा ही है ? – प्रश्न चिह्न

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

28. 'बीती विभावरी जाग री !
अंबर पनघट में डुबो रही तारा-घट ऊषा नागरी ।'
उपर्युक्त काव्य-पंक्तियाँ उदाहरण हैं :

(1) व्यतिरेक अलंकार का

(2) यमक अलंकार का

(3) मानवीकरण अलंकार का

(4) अन्योक्ति अलंकार का

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

29. 'दुर्दशा' शब्द निर्मित है :

(1) दुर् उपसर्ग से

(2) दु उपसर्ग से

(3) दुः उपसर्ग से

(4) दुर उपसर्ग से

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

30. 'प्रत्यय' की दृष्टि से असंगत विकल्प को पहचानिए ।

(1) चर् + अन = चरण

(2) शुच् + आलु = शचालु

(3) या + अन = यान

(4) अस् + त्र = अस्त्र

(5) उत्तर नहीं देना चाहते



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

31. Choose the correct alternative to improve the underlined part of the sentence. If no improvement is required, your answer is (4).

In this jet age, everyone is interested in having an easy life.

(1) to having easily life
(2) for have an easy life
(3) had easy life
(4) No improvement
(5) Not attempted

32. Fill in the blank with the suitable preposition.

He boasted __________ his riches.

(1) with
(2) about
(3) at
(4) of
(5) Not attempted

33. Find out the correct indirect speech form of the following sentence.

He said to her, "You cannot see the chairman."

(1) He told her that you could not see the chairman.
(2) She was refused to see the chairman.
(3) He told her that she could not see the chairman.
(4) He told her that he cannot see the chairman.
(5) Not attempted

34. Choose the word which is opposite in the meaning of the underlined word :

"History abounds in instances of courage."

(1) lacks
(2) shines
(3) failures
(4) suffices
(5) Not attempted

*Read the following passage and answer questions 35, 36 and 37.*

If I had been asked in my early youth whether I preferred to have dealings only with men or only with books, my answer would certainly have been in favour of books. In later years this has become less and less. Not that I have had so much better experiences with men than with books. On the contrary delightful books even now come my way more often than purely delightful men. But the many bad experiences with men have nourished the meadow of my life as the noblest book could not do.

35. Which one of the following statements best reflects the main argument of the passage ?

(1) It is the experience with other human beings that nourishes one's life and not necessarily books.
(2) Neither men nor books give any worthwhile experience.
(3) Books are always better than men.
(4) There are more purely delightful men than purely delightful books.
(5) Not attempted

36. The author says that in later years his love of books diminished because

(1) he had given up the habit of reading books.
(2) even the bad experiences he had with men were more valuable than what the noblest books could give.
(3) he did not get many delightful books to read.
(4) he had better experiences with men than with books.
(5) Not attempted

37. Which one of the pairs of phrases best helps to bring out the metaphorical meaning of the 'meadow of my life' ?

(1) Well-nourished but dull life
(2) Poor but simple life
(3) Pure and healthy life
(4) Vast and rich life
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

38. Pick out the correctly spelt word.
(1) inmaculate
(2) immacculate
(3) imaculate
(4) immaculate
(5) Not attempted

39. Pick out the wrongly spelt word.
(1) difference
(2) performence
(3) reference
(4) preference
(5) Not attempted

40. Pick out the antonym of the underlined word in the following sentence.
I saw her sitting <u>motionless</u> in her chair and gazing at the door.
(1) bending
(2) negatively
(3) lively
(4) lazily
(5) Not attempted

41. Pick out the synonym of the underlined word in the following sentence.
I cannot <u>rest</u> from travel; I will drink life to the lees.
(1) give up
(2) accept
(3) join
(4) encourage
(5) Not attempted

42. Fill in the blank with the suitable alternative.
He wanted ________ in the pool.
(1) swim
(2) to swim
(3) to swims
(4) to swimming
(5) Not attempted

43. In this question, there is a passage consisting of six sentences. The first and the sixth sentences are given in the beginning and labelled as $S_1$ and $S_6$ respectively. The middle four sentences have been jumbled up. These are labelled as P, Q, R, S. You are required to find the proper order for the four sentences.
$S_1$ He tried the door.
$S_6$ He was careful not to touch anything.
P. The room was neat and clean.
Q. Then he stepped into the room.
R. He waited for a minute or two.
S. It opened easily and he peeped in.
(1) RPQS
(2) SPRQ
(3) PQRS
(4) QSPR
(5) Not attempted

44. Choose the correct active voice form of the following sentence :
Sharan was being taught by Anil.
(1) Anil is teaching Sharan.
(2) Anil had taught Sharan.
(3) Sharan is teaching Anil.
(4) Anil was teaching Sharan
(5) Not attempted

45. Pick out the part of the sentence which has an error. If there is no error, your answer is (4).
<u>Some men are born great,</u>
A
<u>some achieve greatness and</u>
B
<u>some had greatness thrust upon them.</u>
C
(1) B
(2) A
(3) C
(4) No error
(5) Not attempted


रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

46. दीनबंधु छोटू राम पावर प्लांट _________ जिले में स्थित है ।
(1) यमुनानगर
(2) सिरसा
(3) पानीपत
(4) हिसार
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

47. हरियाणा राज्य की राजधानी कहाँ है ?
(1) पानीपत
(2) सोनीपत
(3) चंडीगढ़
(4) भिवानी
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

48. नर-नारायण गुफा हरियाणा के किस जिले में स्थित है ?
(1) यमुनानगर
(2) कुरुक्षेत्र
(3) भिवानी
(4) सोनीपत
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

49. कौन-सी नदी वर्षा ऋतु में राज्य के अंबाला एवं कुरुक्षेत्र जिले में बाढ़ का मुख्य कारण है ?
(1) मारकंडा नदी
(2) राक्षी नदी
(3) टांगरी नदी
(4) हाकरा नदी
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

50. हरियाणा के दक्षिण-पश्चिम में कौन-सा राज्य है ?
(1) उत्तर प्रदेश
(2) पंजाब
(3) उत्तराखंड
(4) राजस्थान
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

46. Deenbandhu Chhotu Ram Power Plant is located in the district of _________.
(1) Yamunanagar
(2) Sirsa
(3) Panipat
(4) Hisar
(5) Not attempted

47. Which is the State capital of Haryana ?
(1) Panipat
(2) Sonipat
(3) Chandigarh
(4) Bhiwani
(5) Not attempted

48. Nar Narayana cave is situated in which district of Haryana ?
(1) Yamunanagar
(2) Kurukshetra
(3) Bhiwani
(4) Sonipat
(5) Not attempted

49. During rainy season, which river becomes the major cause of floods in Ambala and Kurukshetra districts of the State ?
(1) Markanda River
(2) Rakshi River
(3) Tangri River
(4) Hakra River
(5) Not attempted

50. Which State lies to the South-West of Haryana ?
(1) Uttar Pradesh
(2) Punjab
(3) Uttarakhand
(4) Rajasthan
(5) Not attempted


रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

51. पानीपत की तीसरी लड़ाई मराठा शासकों एवं __________ के बीच लड़ी गई ।

(1) बाबर

(2) हेमू

(3) मौहम्मद गौरी

(4) अहमद शाह अब्दाली

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

52. *महाभारत* में हरियाणा को __________ कहा गया है ।

(1) कृषिधाम

(2) बहुधण्यक

(3) जय संहिता

(4) हरिधाम

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

53. हरियाणा की पारम्परिक वेशभूषा में फरगल क्या है ?

(1) कमीज

(2) बच्चों का टोप

(3) फुलकारी ओढ़नी

(4) शिशुओं की कमीज

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

54. निम्नलिखित में से कौन-सा हरियाणा की महिलाओं का पारंपरिक परिधान है, जो दुल्हन को विवाह के समय दिया जाता है ?

(1) दीमच

(2) गुमटी

(3) मांडिया

(4) लहरिया

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

55. भाखड़ा डैम प्रोजेक्ट के संस्थापक कौन थे ?

(1) चौधरी बंसी लाल

(2) चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा

(3) चौधरी भजन लाल

(4) चौधरी छोटू राम

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

51. The Third Battle of Panipat took place between the Maratha rulers and ________.

(1) Babur

(2) Hemu

(3) Mohammad Ghori

(4) Ahmad Shah Abdali

(5) Not attempted

52. In the *Mahabharata*, Haryana has been called ________.

(1) Krishidham

(2) Bahudhanyaka

(3) Jaya Samhita

(4) Haridham

(5) Not attempted

53. What is a Phargal/Fargal in the traditional attire of Haryana ?

(1) Shirt

(2) Children's cap

(3) Fulkari odhani

(4) Infant's shirt

(5) Not attempted

54. Which of the following is a traditional costume for women in Haryana, which is given to a bride at the time of marriage ?

(1) Dimach

(2) Gumati

(3) Mandiya

(4) Lahariya

(5) Not attempted

55. Who is the founder of Bhakra Dam Project ?

(1) Choudhary Bansi Lal

(2) Choudhary Ranbir Singh Hooda

(3) Choudhary Bhajan Lal

(4) Choudhary Chhotu Ram

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

56. निम्नलिखित में से 2020 में आयोजित 34वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला, फरीदाबाद का *थीम स्टेट* कौन-सा था ?
(1) राजस्थान
(2) उत्तर प्रदेश
(3) पंजाब
(4) हिमाचल प्रदेश
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

56. Which among the following was the *Theme State* in the 34th Surajkund International Crafts Mela (2020), Faridabad ?
(1) Rajasthan
(2) Uttar Pradesh
(3) Punjab
(4) Himachal Pradesh
(5) Not attempted

57. फ्लाइंग ट्रेनिंग सेंटर, "हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ सिविल एविएशन" (HICA) की स्थापना हरियाणा में किस स्थान पर हुई ?
(1) पिंजौर
(2) भिवानी
(3) रोहतक
(4) गुरुग्राम
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

57. Where in Haryana is the flying training centre, "Haryana Institute of Civil Aviation" (HICA) set up ?
(1) Pinjore
(2) Bhiwani
(3) Rohtak
(4) Gurugram
(5) Not attempted

58. हरियाणा के खिलाड़ी हरविंदर सिंह किस खेल से संबंध रखते हैं ?
(1) डिस्कस थ्रो
(2) हॉकी
(3) आर्चरी
(4) शूटिंग
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

58. Harvinder Singh, a sportsperson from Haryana, belongs to which sport ?
(1) Discus Throw
(2) Hockey
(3) Archery
(4) Shooting
(5) Not attempted

59. चिंकारा प्रजनन केन्द्र हरियाणा में कहाँ स्थित है ?
(1) पीपली, कुरुक्षेत्र
(2) हिसार
(3) कैरू, भिवानी
(4) मोरनी, पंचकुला
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

59. Where is the Chinkara Breeding Center located in Haryana ?
(1) Pipli, Kurukshetra
(2) Hisar
(3) Kairu, Bhiwani
(4) Morni, Panchkula
(5) Not attempted

60. हरियाणा में किस वर्ष को "बालिका शिशु वर्ष" घोषित किया गया ?
(1) 2014
(2) 2016
(3) 1994
(4) 2006
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

60. Which year was declared as the "Girl Child Year" in Haryana ?
(1) 2014
(2) 2016
(3) 1994
(4) 2006
(5) Not attempted


रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

61. हरियाणवी लोकोक्ति "तावला से बावला" का अर्थ है :

(1) उतावले आदमी का विवेक शून्य हो जाता है ।

(2) महत्त्वपूर्ण कार्यों की अनुपस्थिति में महत्त्वहीन कार्य करना ।

(3) अच्छाई की तुलना में बुराई तेज़ी से फैलती है ।

(4) स्वार्थी लोग दूसरों की परवाह नहीं करते ।

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

62. निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी ने राष्ट्रमंडल खेल 2018 में कुश्ती में कांस्य पदक जीता ?

(1) योगेश्वर दत्त

(2) बबीता फोगाट

(3) गीतिका जाखड़

(4) विनेश फोगाट

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

63. हरियाणा से संबंधित निम्नलिखित खिलाड़ियों में से किसने टोक्यो 2020 पैरालम्पिक्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया ?

(1) सुनीता शर्मा

(2) साक्षी मलिक

(3) सुमित अंतिल

(4) रवि कुमार दहिया

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

64. हरियाणा में प्रथम राज्य कवि की उपाधि किस व्यक्ति को प्रदान की गई ?

(1) भाई परमानन्द

(2) उदय भानु हंस

(3) श्री खुशी राम शर्मा

(4) कवि चंद बरदाई

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

65. गीता का प्रथम श्लोक 'कुरुक्षेत्र' की व्याख्या किस रूप में करता है ?

(1) धर्मक्षेत्र

(2) शिक्षाक्षेत्र

(3) रणक्षेत्र

(4) युद्धक्षेत्र

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

61. The meaning of the Haryanvi proverb, "Tawla se Bawla" (तावला से बावला) is :

(1) The hasty person's discretion becomes zero.

(2) Doing an unimportant work in the absence of an important work.

(3) Evil spreads faster than good.

(4) Selfish people do not care for others.

(5) Not attempted

62. Which of the following sportspersons won the bronze medal in Wrestling in the Commonwealth Games 2018 ?

(1) Yogeshwar Dutt

(2) Babita Phogat

(3) Geetika Jakhar

(4) Vinesh Phogat

(5) Not attempted

63. Among the following players from Haryana, who won the gold medal in Tokyo 2020 Paralympics ?

(1) Sunita Sharma

(2) Sakshi Malik

(3) Sumit Antil

(4) Ravi Kumar Dahiya

(5) Not attempted

64. Who was the first person to be bestowed with the title of the State Poet in Haryana ?

(1) Bhai Parmanand

(2) Uday Bhanu Hans

(3) Shri Khushi Ram Sharma

(4) Kavi Chand Bardai

(5) Not attempted

65. The very first verse of the Gita describes 'Kurukshetra' as

(1) Dharmkshetra (place of righteousness)

(2) Shikshakshetra (place of learning)

(3) Rankshetra (place of battle)

(4) Yudhkshetra (place of war)

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

66. जटायु संरक्षण प्रजनन केन्द्र (JCBC) की स्थापना कब हुई है, जिसे पहले गिद्ध देखभाल केन्द्र (VCC) के रूप में जाना जाता था ?

(1) 2011

(2) 2007

(3) 2016

(4) 2001

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

67. किस वर्ष में हरियाणा विधान सभा की सीटों की संख्या को बढ़ाकर 90 किया गया ?

(1) 1966

(2) 1977

(3) 2001

(4) 2008

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

68. प्रशासनिक राजस्व के उद्देश्य से हरियाणा राज्य को कितने भागों में बाँटा गया है ?

(1) 8

(2) 5

(3) 6

(4) 3

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

69. महाभारत का युद्ध हरियाणा के किस क्षेत्र में हुआ था ?

(1) पानीपत

(2) हिसार

(3) झज्जर

(4) कुरुक्षेत्र

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

70. भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार, जनसंख्या की दृष्टि से हरियाणा भारत का ________ सबसे बड़ा राज्य है ।

(1) पंद्रहवाँ

(2) ग्यारहवाँ

(3) दसवाँ

(4) अठारहवाँ

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

66. When was the Jatayu Conservation Breeding Centre (JCBC), earlier known as the Vulture Care Centre (VCC), established ?

(1) 2011

(2) 2007

(3) 2016

(4) 2001

(5) Not attempted

67. In which year was the number of seats in the Haryana Vidhan Sabha increased to 90 ?

(1) 1966

(2) 1977

(3) 2001

(4) 2008

(5) Not attempted

68. Haryana State is divided into how many divisions for administrative revenue purposes ?

(1) 8

(2) 5

(3) 6

(4) 3

(5) Not attempted

69. The Mahabharata war took place in which region of Haryana ?

(1) Panipat

(2) Hisar

(3) Jhajjar

(4) Kurukshetra

(5) Not attempted

70. As per the Census of India 2011, Haryana is the ________ largest state of India in terms of population.

(1) fifteenth

(2) eleventh

(3) tenth

(4) eighteenth

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

71. यदि संख्या x, दूसरी संख्या y से 10% कम है तथा संख्या y, 125 से 10% अधिक है, तो x का मान है :

(1) 143
(2) 150
(3) 123·75
(4) 140·55
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

72. $\frac{(0.75)^3}{1-0.75} + [0.75 + (0.75)^2 + 1]$ का धनात्मक वर्ग मूल है :

(1) 3
(2) 4
(3) 1
(4) 2
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

73. 15 पुरुष, 18 महिलाएँ और 12 लड़के एक साथ काम करके एक दिन में ₹ 2070 कमाते हैं । यदि एक पुरुष, एक महिला और एक लड़के के दैनिक वेतन में अनुपात 4 : 3 : 2 हो, तो 1 पुरुष, 2 महिलाओं और 3 लड़कों का दैनिक वेतन (₹ में) है :

(1) 205
(2) 240
(3) 135
(4) 180
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

74. यदि ₹ 516 तीन व्यक्तियों A, B, C में इस प्रकार बाँटे जाएँ कि A को B से 25% अधिक और B को C से 25% कम प्राप्त हो, तब C का हिस्सा होगा :

(1) ₹ 192
(2) ₹ 204
(3) ₹ 144
(4) ₹ 180
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

71. If a number x is 10% less than another number y and y is 10% more than 125, then the value of x is :

(1) 143
(2) 150
(3) 123·75
(4) 140·55
(5) Not attempted

72. The positive square root of $\frac{(0.75)^3}{1-0.75} + [0.75 + (0.75)^2 + 1]$ is :

(1) 3
(2) 4
(3) 1
(4) 2
(5) Not attempted

73. 15 men, 18 women and 12 boys working together earned ₹ 2070 in a day. If the daily wages of a man, a woman and a boy are in the ratio of 4 : 3 : 2, the daily wages (in ₹) of 1 man, 2 women and 3 boys are :

(1) 205
(2) 240
(3) 135
(4) 180
(5) Not attempted

74. If ₹ 516 are divided among three persons A, B, C such that A receives 25% more than B and B receives 25% less than C, then C's share is :

(1) ₹ 192
(2) ₹ 204
(3) ₹ 144
(4) ₹ 180
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

75. एक व्यक्ति ने ₹ 6,000 की वस्तुएँ खरीदीं तथा उनमें से आधी 10% लाभ पर बेच दीं । शेष को वह कितने प्रतिशत लाभ पर बेचे ताकि उसे इस सौदे में कुल 25% लाभ हो ?

(1) 35%

(2) 40%

(3) 25%

(4) 30%

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

75. A man bought goods worth ₹ 6,000 and sold half of them at a gain of 10%. At what gain percent must he sell the remainder so as to get a gain of 25% on the whole ?

(1) 35%

(2) 40%

(3) 25%

(4) 30%

(5) Not attempted

76. तीन समान घनों को मिलाकर एक पंक्ति में रखा गया । इस प्रकार बने घनाभ के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का तीनों घनों के सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफलों के योगफल से अनुपात है :

(1) 5 : 9

(2) 7 : 9

(3) 1 : 3

(4) 2 : 3

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

76. Three equal cubes, are placed adjacently in a row. Then the ratio of the total surface area of the cuboid formed to the sum of the total surface areas of the three cubes is :

(1) 5 : 9

(2) 7 : 9

(3) 1 : 3

(4) 2 : 3

(5) Not attempted

77. एक व्यापारी के पास 500 किग्रा चीनी है, जिसका एक भाग वह 8% लाभ पर बेचता है तथा शेष 18% लाभ पर बेचता है । इस पूरे सौदे में उसे 14% लाभ होता है । 8% लाभ पर बेची गई चीनी की मात्रा है :

(1) 200 किग्रा

(2) 180 किग्रा

(3) 300 किग्रा

(4) 220 किग्रा

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

77. A merchant has 500 kg of sugar, part of which he sells at 8% profit and the rest he sells at 18% profit. He gains 14% on the whole. The quantity of sugar sold at 8% is :

(1) 200 kg

(2) 180 kg

(3) 300 kg

(4) 220 kg

(5) Not attempted

78. ₹ 20,000 चक्रवृद्धि ब्याज पर 2 वर्षों में ₹ 22,260·50 हो जाता है, जबकि ब्याज वार्षिक संयोजित होता है । ब्याज की दर है :

(1) 5·5%

(2) 6%

(3) 5%

(4) 5·25%

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

78. ₹ 20,000 amounts to ₹ 22,260·50 in 2 years at compound interest, compounded annually. The rate of interest is :

(1) 5·5%

(2) 6%

(3) 5%

(4) 5·25%

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

79. 10,000 के निकटतम की दो संख्याएँ जो 2, 3, 4, 5, 6 तथा 7 से विभाजित होती हैं, हैं :

(1) 9660, 10060

(2) 10080, 10340

(3) 9660, 10080

(4) 9320, 10080

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

79. The two numbers nearest to 10,000 which are exactly divisible by each of 2, 3, 4, 5, 6 and 7 are :

(1) 9660, 10060

(2) 10080, 10340

(3) 9660, 10080

(4) 9320, 10080

(5) Not attempted

80. 100 या 100 से कम हरों वाली सभी उचित भिन्नों का योगफल होता है :

(1) 2124

(2) 2475

(3) $22\frac{1}{4}$

(4) 1925

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

80. The sum of all proper fractions whose denominators are less than or equal to 100 is :

(1) 2124

(2) 2475

(3) $22\frac{1}{4}$

(4) 1925

(5) Not attempted

81. यदि $1^2 + 2^2 + 3^2 + ... + 10^2 = 385$ है, तो $(2^2 + 4^2 + 6^2 + ... + 20^2)$ बराबर है :

(1) 1155

(2) $385 \times 385$

(3) 770

(4) 1540

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

81. If $1^2 + 2^2 + 3^2 + ... + 10^2 = 385$, then $(2^2 + 4^2 + 6^2 + ... + 20^2)$ is equal to :

(1) 1155

(2) $385 \times 385$

(3) 770

(4) 1540

(5) Not attempted

82. यदि $a^2 + b^2 + c^2 - ab - bc - ca = 0$ है, तो a : b : c है :

(1) 1 : 2 : 1

(2) 2 : 1 : 1

(3) 1 : 1 : 2

(4) 1 : 1 : 1

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

82. If $a^2 + b^2 + c^2 - ab - bc - ca = 0$, then a : b : c is :

(1) 1 : 2 : 1

(2) 2 : 1 : 1

(3) 1 : 1 : 2

(4) 1 : 1 : 1

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

83. A, 50-पेज की एक हस्तलिपि को कॉपी करने में 8 घंटे लेता है जबकि B उसी हस्तलिपि को 6 घंटे में कॉपी कर लेता है । उसी प्रकार की 100-पेज की एक हस्तलिपि को कॉपी करने में उन्हें कितने घंटे लगेंगे, यदि वह दोनों मिलकर काम करते हैं ?

(1) $9\frac{5}{7}$ घंटे

(2) 14 घंटे

(3) $6\frac{6}{7}$ घंटे

(4) 9 घंटे

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

84. दो मित्रों ने एक व्यापार में क्रमशः ₹ 30,000 तथा ₹ 50,000 लगाए । वर्ष के अन्त में उन्हें ₹ 16,000 लाभ प्राप्त हुआ । लाभ का आधा भाग उन्होंने बराबर-बराबर बाँटा जबकि बाकी आधा भाग, उनकी पूँजियों के अनुपात में बाँटा गया । प्रत्येक को कितना-कितना लाभ मिला ?

(1) ₹ 7,400, ₹ 8,600

(2) ₹ 7,500, ₹ 8,500

(3) ₹ 7,000, ₹ 9,000

(4) ₹ 7,200, ₹ 8,800

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

85. एक एक्सप्रेस रेलगाड़ी 100 किमी/घंटा की औसत चाल से चलती है तथा हर 75 किमी के बाद 3 मिनट के लिए रुकती है । प्रस्थान बिन्दु से 600 किमी पर अपने गंतव्य पर पहुँचने के लिए यह कितना समय लेती है ?

(1) 6 घंटे 27 मिनट

(2) 6 घंटे 30 मिनट

(3) 6 घंटे 21 मिनट

(4) 6 घंटे 24 मिनट

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

83. A takes 8 hours to copy a 50-page manuscript while B can copy the same manuscript in 6 hours. How many hours would it take them to copy a similar 100-page manuscript, if they work together ?

(1) $9\frac{5}{7}$ hours

(2) 14 hours

(3) $6\frac{6}{7}$ hours

(4) 9 hours

(5) Not attempted

84. Two friends invested ₹ 30,000 and ₹ 50,000 in a business. They earned a profit of ₹ 16,000 at the end of the year. One half of the profit was divided equally between them and other half was divided in the ratio of their capitals. How much did each of them receive ?

(1) ₹ 7,400, ₹ 8,600

(2) ₹ 7,500, ₹ 8,500

(3) ₹ 7,000, ₹ 9,000

(4) ₹ 7,200, ₹ 8,800

(5) Not attempted

85. An express train travelled at an average speed of 100 km/h stopping for 3 minutes after every 75 km. How long did it take to reach the destination 600 km from the starting point ?

(1) 6 hours 27 minutes

(2) 6 hours 30 minutes

(3) 6 hours 21 minutes

(4) 6 hours 24 minutes

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

86. जी.यू.आई. क्या है ?

(1) ज्योग्राफिकल यूज़र आइडेंटिटी

(2) जनरल यूज़र इन्स्ट्रक्शंस

(3) गेनिंग यूज़र इन्फ़ॉर्मेशन

(4) ग्राफिकल यूज़र इन्टरफेस

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

87. निम्नलिखित में से कौन-सी धातु मध्यम अभिक्रियाशील धातु है ?

(1) ऐलुमिनियम (Al)

(2) पोटैशियम (K)

(3) आयरन (Fe)

(4) कैल्शियम (Ca)

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

88. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन ठोस वस्तु की अवस्था परिवर्तन के बारे में सही है/हैं ?

(a) गलनांक पर ऊष्मा की निरंतर आपूर्ति से ठोस का तापमान बढ़ जाता है ।

(b) गलनांक पर ऊष्मा की निरंतर आपूर्ति से ठोस के तापमान पर कोई बदलाव नहीं आता ।

(c) गलनांक पर ऊष्मा की निरंतर आपूर्ति ठोस से तरल अवस्था में बदलने में उपयोग हो जाती है ।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल (b)

(2) केवल (c)

(3) (a) तथा (c)

(4) (b) तथा (c)

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

89. 68वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार में किस राज्य ने सर्वाधिक फ़िल्म हितैषी राज्य का पुरस्कार जीता ?

(1) पश्चिम बंगाल

(2) मध्य प्रदेश

(3) महाराष्ट्र

(4) तेलंगाना

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

86. What is GUI ?

(1) Geographical User Identity

(2) General User Instructions

(3) Gaining User Information

(4) Graphical User Interface

(5) Not attempted

87. Which of the following metals is moderately reactive ?

(1) Al

(2) K

(3) Fe

(4) Ca

(5) Not attempted

88. Which of the following statement/s is/are correct about change of state of solid ?

(a) The continuous supply of heat at melting point increases the temperature of the solid.

(b) The continuous supply of heat at melting point does not change the temperature of the solid.

(c) The continuous supply of heat at melting point gets used up in changing state from solid to liquid.

Choose the correct option from the codes given below :

(1) Only (b)

(2) Only (c)

(3) (a) and (c)

(4) (b) and (c)

(5) Not attempted

89. Which State won the most Film Friendly State Award in the 68$^{th}$ National Film Awards ?

(1) West Bengal

(2) Madhya Pradesh

(3) Maharashtra

(4) Telangana

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

90. 'महारत्न', 'नवरत्न' और 'लघुरत्न (मिनीरत्न)' भारत में किसके वर्गीकरण हैं ?

(1) खनिज समृद्ध क्षेत्र

(2) विशेष आर्थिक क्षेत्र

(3) नागरिक सम्मान

(4) सरकारी क्षेत्र एकक

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

90. 'Maharatnas', 'Navratnas' and 'Miniratnas' are classification of __________ in India.

(1) Mineral Rich Areas

(2) Special Economic Zones

(3) Civilian Honours

(4) Public Sector Units

(5) Not attempted

91. अंतर्राष्ट्रीय अपराध का मुकाबला करने के लिए सीमा-पार पुलिस समन्वय में सहायता करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन का क्या नाम है ?

(1) पोलक्राई

(2) सेफ्टीकॉम

(3) नाटो

(4) इंटरपोल

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

91. What is the name of the international organization which facilitates cross-border police cooperation to combat international crime ?

(1) POLCRY

(2) SAFETYCOM

(3) NATO

(4) INTERPOL

(5) Not attempted

92. एंथ्रेसाइट क्या है ?

(1) यह सर्वोत्तम गुण वाला कठोर कोयला है ।

(2) यह वाणिज्यिक प्रयोग में सर्वाधिक लोकप्रिय कोयला है ।

(3) यह एक निम्न कोटि वाला भूरा कोयला होता है ।

(4) यह मुलायम और नमी की उच्च मात्रा वाले कोयले का एक रूप है ।

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

92. What is Anthracite ?

(1) It is the highest quality of hard coal.

(2) It is the most popular coal in commercial use.

(3) It is a low grade brown coal.

(4) It is a form of coal which is soft with high moisture content.

(5) Not attempted

93. प्रसिद्ध महाकाव्य *रामायण* से सीता नामक चरित्र के जन्मस्थान पर किस कला विधा का नाम पड़ा है ?

(1) मण्डोला

(2) मिथिला

(3) वनश्री

(4) गोंड

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

93. Which art form derives its name from the birthplace of the character Sita from the famous epic *Ramayana* ?

(1) Mandola

(2) Mithila

(3) Vanshri

(4) Gond

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

94. उस सॉफ्टवेयर का नाम बताइए जो कम्प्यूटर सिस्टम के सही रखरखाव तथा संरूपण के लिए उपयोग होता है ।

(1) डिवाइस ड्राइवर

(2) सिस्टम यूटिलिटीज़

(3) ऑपरेटिंग सिस्टम

(4) जनरल पर्पस सॉफ्टवेयर

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

95. इंटरनेट बैंकिंग वेबसाइट्स सामान्यत: वर्चुअल कीबोर्ड अथवा ऑनलाइन कीबोर्ड उपलब्ध करवाती हैं क्योंकि ________ ।

(1) ये फिजिकल कीबोर्ड से तेज़ हैं

(2) ये छोटी स्क्रीन के लिए उचित हैं

(3) ये प्रयोगकर्ता के लिए सुविधाजनक हैं

(4) ये प्रयोगकर्ता को सुरक्षित तरीके से पासवर्ड लिखने में सहायक हैं

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

96. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के बारे में सही ***नहीं*** है ?

(1) नेटवर्क के एकल सदस्य (मेंबर/व्यक्ति) के लिए परिवर्तन करना या डाटा में बदलाव करना संभव है ।

(2) केवल स्वामी ही ब्लॉक के निजी डाटा/जानकारी तक पहुँच सकता है ।

(3) ब्लॉक डाटा का एक सुरक्षित टुकड़ा हो सकता है ।

(4) हर एक ब्लॉक में कुछ डाटा है, जिसे इसका हेडर कहा जाता है, और यह अन्य सभी नोड्स को दिखाई देता है ।

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

**94.** What is the name of the software that is used for maintenance and configuration of Computer Systems ?

(1) Device Driver

(2) System Utilities

(3) Operating System

(4) General Purpose Software

(5) Not attempted

**95.** Virtual keyboards or Online keyboards are commonly provided by Internet banking websites because ________.

(1) they are faster than physical keyboards

(2) they can easily fit on small screens

(3) they are convenient to the user

(4) they allow users to type passwords securely

(5) Not attempted

**96.** Which one of the following statement is ***not*** correct about Blockchain technology ?

(1) It is possible for a single member of the network to make changes or alter data.

(2) Only the owner has access to the private data of the block.

(3) A block can be a secured chunk of data.

(4) Each block has some data called its header, which is visible to every other node.

(5) Not attempted


रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com

97. आपातकाल की उद्घोषणा (अनुच्छेद 352) के प्रवर्तन में होने पर निम्नलिखित में से किस मूल अधिकार को निलंबित *नहीं* किया जा सकता है ?

(1) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार

(2) दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार

(3) वाक्-स्वातंत्र्य का अधिकार

(4) समता का अधिकार

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

98. आरक्षित निर्वाचन-क्षेत्र किसे कहते हैं ?

(1) ऐसा निर्वाचन-क्षेत्र जिसमें केवल एक विशेष आरक्षित श्रेणी के सदस्य चुनाव में खड़े हो सकते हों ।

(2) ऐसा निर्वाचन-क्षेत्र जिसमें आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांत का पालन करते हुए चुनाव कराए जाते हों ।

(3) ऐसा निर्वाचन-क्षेत्र जिसमें मतदाता सूची में केवल एक विशेष आरक्षित श्रेणी के सदस्यों के नाम होते हैं ।

(4) ऐसा निर्वाचन-क्षेत्र जिसमें केवल आरक्षित श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले राजनैतिक दल चुनाव लड़ सकते हों ।

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

99. किसकी शिक्षाओं और संभाषणों को उनकी मृत्यु के बाद उनके शिष्यों द्वारा लिखा और त्रिपिटक के रूप में संकलित किया गया ?

(1) कबीर

(2) शंकराचार्य

(3) बुद्ध

(4) महावीर

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

100. विश्व पर्यावरण दिवस की वर्ष 2022 की विषय-वस्तु (थीम) क्या है ?

(1) "समावेशी विकास, सतत विकास"

(2) "स्वच्छ पर्यावास, स्वस्थ पर्यावास"

(3) "सभी के लिए समावेशी विकास"

(4) "अंतर का ध्यान रखें : न किसी को और न ही कोई स्थान पीछे छोड़ें"

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

97. The enforcement of which of the following Fundamental Rights ***cannot*** be suspended when a Proclamation of Emergency (Article 352) is in operation ?

(1) Right to Freedom of Religion

(2) Right to Personal Liberties

(3) Right to Freedom of Expression

(4) Right to Equality

(5) Not attempted

98. What is a reserved constituency ?

(1) A constituency in which only members of a particular reserved category can stand for elections.

(2) A constituency in which elections are held following the principles of proportional representation.

(3) A constituency in which the voter list consists only of the members of a particular reserved category.

(4) A constituency in which only those political parties claiming to represent reserved categories can contest elections.

(5) Not attempted

99. Whose teachings and speeches were posthumously written and compiled by his followers in the form of Tripitaka ?

(1) Kabir

(2) Shankaracharya

(3) Buddha

(4) Mahavir

(5) Not attempted

100. What is the theme of World Habitat Day for the year 2022 ?

(1) "Inclusive Development, Sustainable Development'

(2) "Clean Habitat, Healthy Habitat"

(3) "Inclusive Development For All"

(4) "Mind The Gap : Leave No One and Place Behind"

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Downloaded from www.cclchapter.com